# राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर राज.

## रोजगार एवं उद्यमिता परामर्श प्रकोष्ठ

**प्रतिवेदन**

**सत्र 2021–22**

महाविद्यालय के रोजगार एवं उद्यमिता परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं के लिये वर्षपर्यन्त विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह सभी गतिविधियां समिति प्रभारी डॉ. अशोक सोनी एवं सदस्य डॉ. बिन्दु कटारिया, डॉ. सुदर्शन सिंह, डॉ. भवशेखर, डॉ. साक्षी चौहान द्वारा आयोजित किये गये जिससे छात्राओं को उनके केरियर निर्माण में प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से रोजगार मिले।

1. रोजगार एवं उद्यमिता परामर्श प्रकोष्ठ एवं उदयपुर चैम्बर आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा महाविद्यालय की स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर की छात्राओं के लिए रोजगारन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम (3 माह– प्रतिदिन 2 घण्टे) आयोजित किया गया जिसमें एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में UCCI का प्रतिनिधित्व कर रहे श्रीमान राजशेखर व्यास, निदेशक व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र ने छात्राओं को प्रशिक्षण की सम्पूर्ण जानकारी दी एवं उन्हें प्रशिक्षण केन्द्र का भ्रमण कराया गया। लगभग 25 छात्राओं को UCCI प्रशिक्षण केन्द्र (मादडी) में कम्प्यूटर एवं कम्यूनिकेशन स्किल पर प्रशिक्षण दिया गया।
2. दिनांक 09.10.2021 को रोजगार एवं परामर्श प्रकोष्ठ की ओर से ICIC बैंक द्वारा प्रोवेश्नरी ऑफिसर के पद हेतु साक्षात्कार के लिये मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। सत्र के प्रारम्भ मे प्रभारी डॉ. अशोक सोनी ने छात्राओं को जीवन वृत (वायोडेटा) निर्माण एवं उपयोग की जानकारी दी इसके पश्चात् मुख्य वक्ता डॉ. अजय कुमार चौधरी, सहआचार्य द्वारा साक्षात्कार की तैयारी हेतु महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कुल 12 छात्राओं ने ICICI बैंक में साक्षात्कार दिया।
3. दिनांक 26.10.2021 एवं 27.10.2021 को मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के रोजगार एवं प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा दो दिवसीय उद्यमिता कौशल विकार कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने आनलाइन पंजीयन कराया।

4. दिनांक 15 नवम्बर 2021 सोमवार को जयपुरीया प्रबंध संस्थान जयपुर द्वारा एक राष्ट्रीय स्तर का सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता Jaipuria Quiz League 2021 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 93 छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।
5. Delta X कम्पनी द्वारा ऑनलाइन आवेदन मांगे गऐ। दिनांक 13.12.2021 को इस हेतु ऑनलाइन Aptitude test and Analytical test आयोजित किया गया जिसके तुरन्त बाद साक्षात्कार के दो चरण हुये।
6. पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्ट्रीटशन जयपुर द्वारा दिनांक 08.03.2022 को 'रोजगार के अवसर' विषय पर ऑनलाइन सेमिनार आयोजित की गई।
7. दिनांक 22 मार्च 2022 ICICI बैंक द्वारा Fresh Graduate के Sales Officer पद पर चयन हेतु आवेदन मांगे गये। लगभग 50 छात्राओं ने अपना पंजीयन कराया और साक्षात्कार दिया जिसमें एम.ए पूर्वाद्व की छात्रा हर्षिता सतीश (गृहविज्ञान विभाग ) का चयन हुआ।

**प्रभारी**

**डॉ. अशोक सोनी**

# राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर राज.

## योजना मंच

## सत्र 2021–22

योजना मंच के तत्वावधान में सत्र 2021–22 में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। दिनांक 28 व 29 जुलाई 2021 को ऑनलाइन मोड पर दो दिवसीय विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। दिनांक 28.07.2021 को वेब परिचर्चा का विषय ''वैश्विक परिदृश्य में भारतीय मानव संसाधन रहा। विषय की मुख्य वक्ता प्रो. सुमन पामेचा, आचार्य अर्थशास्त्र श्रमजीवी महाविद्यालय, उदयपुर रही। जिन्होंने विषय पर सारगर्मित जानकारी देते हुए भारतीय मानव संसाधन की महत्ता एवं भविष्य की संभावनाओं का तार्किक विवेचन प्रस्तुत किया।

दिनांक 29.07.2021 को ''लैंगिक संवेदनशीलता'' विषय पर परिचर्चा की गई जिसकी मुख्य वक्ता प्रो. इरादास जो, आचार्य अर्थशास्त्र, हरीश चन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान उदयपुर रही। इन्होंने विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए एवं जेंडर से संबधित मनोवैज्ञानिक विसंगतियों को उजागर करते हुए वर्तमान परिदृश्य में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता पर जोर दिया।

वेब परिचर्चा के दोनो ही दिवसों पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. शशि सांचीहर द्वारा की गई।

साथ ही 23.12.2021 को **स्नातक स्तर** की छात्राओं हेतु **''राजस्थान में आर्थिक विकास के नये आयाम''** विषय पर निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। **स्नातकोत्तर** की छात्राओं हेतु – निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता हेतु **'' समृद्व भारत एवं सक्षम भारत''** रहा। इनमें कुल मिला कर 18 छात्राओं ने प्रतिभागिता दी।

स्नातक स्तर पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में बी. कॉम प्रथम वर्ष की **मुस्कान प्रथम स्थान** पर रही एवं **द्वितीय स्थान** पर बी. कॉम द्वितीय वर्ष की **दीपिका सालवी**, तथा बी.कॉम प्रथम वर्ष की ही **सुश्री करीना कुमारी तृतीय स्थान** पर रही।

स्नातक स्तर पर पोस्टर प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं में प्रथम स्थान पर बी. कॉम प्रथम वर्ष की फातिमा साहिवाल तथा द्वितीय स्थान पर बी. कॉम प्रथम वर्ष की ललिता प्रजापत तथा तृतीय स्थान पर बी. कॉम प्रथम वर्ष की वैशाली शर्मा एवं रेनु कुंवर राजपूत रहे।

स्नातकोत्तर स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गुंजन नाथ –एम.कॉम. पूर्वाद्व एबीएसटी तथा द्वितीय द्वितीय स्थान पर दीक्षिता चौहान –एम.कॉम. पूर्वाद्व एबीएसटी रही। साथ ही स्नातकोत्तर स्तर की

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दीक्षिता चौहान –एम.कॉम. पूर्वाद्व एबीएसटी एवं द्वितीय स्थान पर गुंजन नाथ –एम.कॉम. पूर्वाद्व एबीएसटी रही।

सत्र 2021–22 की योजना मंच की गतिविधियों में दिनांक 24.02.2022 को ''केंद्रीय तथा राज्य बजट'' के विषय परररर एक परिचर्चा हुई। मुख्य वक्ता डॉ. विमला पोरखना ने केंद्र सरकार के बजट निर्माण की प्रक्रिया तथा नवीन बजट के मुख्य प्रावधानों जैसे– भारत की आर्थिक वृद्वि दर, अगले 25 साल भारत अमृतकाल, PM गतिशक्ति, समेकित विकास, उत्पाद संवर्धन एवं निवेश, सनराइज अवसर, उर्जा संक्रमण, जलवायु कार्य, राष्ट्रीस राजमार्ग नेटवर्क में 25000 किलोमीटर का विस्तार, वंदे भारत रेलगाडियों का निर्माण, भूमि रिकार्ड का डिजिटलीकरण, ई–श्रम, PM ई–विद्या, ई पासपोर्ट, राजकोषीय घाटा, राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ इकोसिस्टम इत्यादि पर विस्तृत चर्चा की। इसे समावेशी बजट बताया। परिचर्चा के द्वितीयः मुख्य वक्ता सुधीर दवे ने राज्य सरकार के बजट पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि प्रथम बार कृषि हेतु अलग बजट पेश किया गया, पुरानी पेंशन स्कीम पुनः लागू कर दी गई है, 50 युनिट बिजली फ्री देने का ऐलान तथा विभिन्न विकासोन्मुखी योजनाओं की जानकारी भी दी।

परिचर्चा की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. शशि सांचीहर ने की। परिचर्चा के दौरान 30 विद्यार्थी उपस्थित थे। सभी विद्यार्थी इससे अति लाभान्वित हुए। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

**प्रभारी**

**डॉ. अशोक सोनी**